*Anveshan (अन्वेषण): A Multidisciplinary Journal in Hindi*
*Vol. 2, Issue 1 – 2018*

# अध्यापक और अधिगमकर्ता के अधिगम के लिए आकलन
# (ASSESSMENT FOR LEARNING FOR LEARNERAND TEACHER)

**अभिषेख कुमार पाण्डेय***

*"शिक्षा को सम्पूर्ण बनाने के लिए मानवीय होना चाहिए। इसमें केवल न तो बुद्धि का प्रशिक्षण बल्कि हृदय की स्वच्छता और आत्मा का अनुशासन भी सम्मिलित होना चाहिए"।*

डॉ.राधाकृष्णन

हमारा भारत एक विकासशील देश हैं जो 21वी शताब्दी के लिए एक ऐसी शिक्षा नीति तैयार करने के पेशकश मे है जो की रुढ़िवादी समाज को एक अतिआधुनिक, प्रगतिशील एवं संपन्न समाज में परिवर्तन करने में मुख्या भूमिका निभाता हैं। यदि विद्यार्थी को जीवन में सफलता, सम्मान और पहचान प्राप्त करना है तो उरा विद्यार्थी को शिक्षित होना पड़ेगा और यह तभी संभव हैं जब शिक्षा ग्रहण करेगा।

शिक्षा एक विद्यार्थी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। शिक्षा के माध्यम से ही मानव का विकास और उन्नयन निर्भर करता हैं। विद्यार्थी के चरित्र का निर्माण और श्रृंगार भी इन्ही के माध्यम से होता हैं। शिक्षा समाज को एक पीढ़ी को दुसरे पीढ़ी में निरंतर ज्ञान के हस्तांतरण के माध्यम से विद्यालयी समाज से गृह समाज और राष्ट्र समाज का निकाश कर उनके समाजीकरण का निर्माण करती है। तथा यह प्रणाली समाज में सामाजिक संस्कृति को बनाये रखने में मदद कराती हैं। मानव जीवन में शिक्षा का अत्यधिक महत्व है। मनुष्य के शरीर, मन, एवं आत्मा में निहित सर्वोत्तम शक्तियों के सर्वांगीण विकास को शिक्षा कहते है। शिक्षा द्वारा हमारे कीर्ति का प्रकाश हमारे चारो ओर विस्तारित होता है तथा हमारे समस्याओं को सुलझाने में, जीवन को सुसंस्कृत बनाए रखने में अनौपचारिक रूप से शिक्षा अपना भूमिका निभाती रहती है, हम इस धरती पर कही भी रहे यह अपने ज्ञान के द्वारा सदैव मार्गदर्शन का काम कराती रहती है।

अर्थात जिस प्रकार सूर्य के प्रकाश से एक कमल का फूल खिल कर अपनी सुन्दरता को बिखेरता है और अस्त होने पर अपने पुरवा की अवस्था में बिराजमान हो जाता है ठीक उसी प्रकार शिक्षा के द्वारा एक बालक कमल के फूल की भाति खिल उठता है ये अशिक्षा के अभाव में दरिद्रता शोक एवं कष्ट के अन्धकार में डूबा रहता है। अर्थात शिक्षा वह मार्ग है जिसके द्वारा एक बालक के शारीरिक, मानसिक, नैतिक, संवेगात्मक, संज्ञानात्मक भाषायी विकास होता है इससे वह समाज का सभ्य, उत्तरदायी घटक एवं राष्ट्र का प्रखर चरित्रवान नागरिक बनकर राष्ट्र के उन्नति अपनी शक्ति का पूरा प्रयोग करता है।

शिक्षा किसी भी आधुनिक सभ्य उन्नत और विकसित कहे जाने वाले समाज का अनिवार्य लक्षण है और इसके बिना प्रगति कभी भी पूर्ण और बहुआयामी नहीं हो सकती।

*शोधकर्ता (शिक्षक-शिक्षा–शास्त्र) ,नेहरु ग्राम भारती डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद, एवं सहायक आचार्य, किंगवे टेक्निकल इंस्टिटच्यूट, कुल्हारिया कैमूर, बिहार। ***Correspondence E-mail Id:*** editor@eurekajournals.com

*© Eureka Journals 2018. All Rights Reserved.* **ISSN: 2581-4044**

विद्यार्थी ही राष्ट्र और समाज की उन्नति का मूल है, यदि हमें राष्ट्र को उन्नति एवं प्रगतिशील बनाना है तो समाज में सभ्य एवं सुसंस्कृत कुशल नागरिक बनाना ही ही होगा और यह कार्य शिक्षा के द्वारा पूर्ण सम्भव होता है।

जन्म के समय एक विद्यार्थी मात्र असंतुलित गतिओं का एक समूह का निर्माण करता है जो दैनिक जविक जीवन से संघर्ष करते हुए परिवार के बड़े लोगो की सहायता से जीवन और मृत्यु के लिए बाध्य होता हैं यह अनिवार्यता एक बालक के विकसित समाजीकरण का प्रतिबिम्ब का कार्य करता हैं। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जविक जीवन के अस्तित्व की पहचान कराती है। जब एक शिशु जन्म लेता है तो मात्र वह एक असहाय प्राणी के अलवा कोई नहीं होता है जो अपने, माता–पिता और अन्य परिवार जन्य के सहयोग से जब उसको अपने अस्तित्व की पहचान नहीं थी, मानवीय जीवन का अर्थ स्पष्ट होता है।

एक बालक जब माँ के गर्भ से जन्म लेता है तो वह मात्र आश्रित रक्त, मांस, हड्डी, और अन्य अंगो का जीवित प्राणी होता है। उसके जीवन का वास्तविक पहचान नहीं होता है वह पशुवत की तरह आचरण दर्शाता हैं और उसकी जीतनी मूल प्रबित्तिया हैं उनको अपने व्यवहारों में समाहित कर कार्य करता हैं। शिक्षा अपने मार्गदर्शन में छात्र की मूलप्रबित्तियों में परिपक्वता प्रदान करता हैं। जिससे उस विद्यार्थी के व्यवहार, आचरण और क्रियाकलापों को उचित रूप से सामाजिक तथा सांस्कारिक बनाता हैं। और बालक के राचनात्मकशक्ति का भी बिश्वास भी बनाता हैं।

जन्म के समय बालक का ना तो किसी तरह का सामाजिक विकास होता है ना तो किसी तरह का बिरोधात्त्मक सामाजिक गुणों का विकास है। हमारे सामाजिक संस्कृति रूपी परिवार में उसका पालन पोषण होता हैं, और उस संस्कृति में पलते हुए उसका समाजीकरण का विकास होने लगता है। वास्तव में समाजीकरण की प्रक्रिया जन्म के कुछ समय पश्चात ही हो जाता है, जैसे एक शीशु को जब भूख लगता है तो वह रोता है और अपने हाथ पैर पटकना सुरुवात कर देता हैं उसी तरह से बालक में समय के अनुसार उसके सामाजिक विकास अर्थात एक अछे नागरिक के रूप में अस्तित्वा को प्राप्त करने हेतु उसको विद्यालय में भेजा जाता है जहाँ पर एक अछे मार्गदर्शक के रूप में अध्यापक के समक्ष बालक को भेजा जाता है जहाँ पर उसका शैक्षिक विकास किया जाता है। जब की एक बालक का प्राथमिक विद्यालय तो उसका परिवार होता है जहाँ पर उसके माँ और पिता उसके अध्यापक की भूमिका निभाते है फिर भी उसके सर्वांगीण सामाजिक विकास के लिए विद्यालय में प्रवेश कराया जाता है जहाँ पर उसके समाज से जुड़े सभी जानकारी दी जाती है। किशोरावस्था से तात्पर्य ऐसी अवस्था जो की १२ वर्ष से १८/१९ वर्ष तक मणि जाती है जिस काल समय में बाल्यावस्था का प्रांत होता है और प्रौढ़ अवस्था का सुभारम्भ होता हैं इसी कारण से इस अवस्था को संधिकाल कहा जाता है। जब हम किशोर बालको की चर्चा करते है तो ये पाते है की इस काल में बालक के विकास की सबसे ज्यादा जरुरत होती है।

यहाँ सामान्य बालको से तात्पर्य ऐसे बालको से है जो वंशानुक्रम से प्राप्त रशिओं शक्तिओं के आधार पर भी लगभग सामान्य होते हैं और जिन्हें अपने विकास के लिए पर्यावरण भी सामान्य मिलता हैं। इस अवस्था में किशोर के बुद्धि का पूर्ण विकास हो जाता हैं उनमे धयन केन्द्रित करने की क्षमता का भी विकास होने लगता है अपने पराये का भी समझ होने लगता हैं स्मरण तीब्र करने की शक्ति प्रबल होने लगती हैं। स्थाईत्व का भी

© Eureka Journals 2018. All Rights Reserved. ISSN: 2581-4044

विकास होने लगता हैं, कल्पना का भी विकास हने लगता हैं बालक का आध्यामिक क्विद्यालय में प्रवेश हो जाता हैं। किशोरों में तर्क करने का चिंतन करने का विश्लेषण करने और अमूत चिंतन की शक्ति बढ़ जाती हैं। समस्या समाधान करना उनके बाये हाथ का खेल हो जाता हैं। इस आयु में बालको में मूर्त संप्रत्यय के साथ साथ अमूर्त संप्रत्यय का भी निर्माण हो जाता हैं। यही कारन है की किशोर काल के प्रारंभ अवस्था को प्रारंभिक किशोरावस्था और अंत को पाश्चात्य किशोरावस्था कहते हैं। साथ ही साथ उन बालक में शारीरिक और मानशिक परिपक्वता आती है और उनका सामाजिक क्षेत्र भी बढ़ने लगता है मित्रो की मंडली बना लगाने लगते है लड़के लड़कियो की तरफ आकर्षित होने लगते हैं और लड़कियां लडको की तरफ आकर्षित होने लगते हैं। जिसका यह निष्कर्ष निकालता है की उनका शब्द भंडार बढ़ने लगता हैं भिन्न भिन्न शब्दों में अंतर करना आ जाता हैं यहाँ तक की समानार्थी और पर्यायवाची शब्दों में भेद करने लगते हैं।

किशोर काल में मौखिक अभिव्यक्ति भी स्पस्ट हो जाती हैं वे अपने शब्दों को तर्कपूर्ण ढंग से समझाने में सम्र्थ हो जाते हैं लेखन शैली के साथ साथ वर्णात्मक शैली भी स्पष्ट होने लगती है। यही नहीं किशोरों में संवेगात्मक रूप से प्रेम, भाव, चिंता, कष्ट, क्रोध, इर्ष्या एवं आक्रोश अपने तीव्रता के चरम सीमा पर जा चूका होता है इसी कारण इस काल को संघर्ष काल भी कहते हैं। उनमे आत्मसम्मान की भावना के साथ अपने समूह के प्रति अपने स्थिति के प्रति भी सचेत होते हैं।

*"समाज के अन्दर समाजीकरण के विभिन्न साधनों में परिवार सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।"*

किम्बाल यंग

यदि विद्यार्थी को जीवन में सफलता, सम्मान और पहचान प्राप्त करना है तो उस विद्यार्थी को शिक्षित होना पड़ेगा और यह तभी संभव हैं जब शिक्षा ग्रहण करेगा। शिक्षा एक विद्यार्थी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। शिक्षा के माध्यम से ही मानव का विकास और उन्नयन निभंर करता हैं। विद्यार्थी के चरित्र का निर्माण और श्रृंगार भी इन्ही के माध्यम से होता हैं। जब एक शिशु जन्म लेता है तो उसके जीवन का वास्तविक पहचान नहीं होता है वह पशुवत की तरह आचरण दर्शाता हैं और उसकी जीतनी मूल प्रबित्तिया हैं उनको अपने व्यवहारों में समाहित कर कार्य करता हैं। शिक्षा अपने मार्गदर्शन में छात्र की मूलप्रबित्तियों में परिपक्वता प्रदान करता हैं। जिससे उस विद्यार्थी के व्यवहार, आचरण और क्रियाकलापो को उचित रूप से सामाजिक तथा सांस्कारिक बनाता हैं। और बालक के रचनात्मकशक्ति का भी बिश्वास भी बनाता हैं।

मानव जीवन में शिक्षा का अत्यधिक महत्व है। मनुष्य के शरीर, मन, एव आत्मा मे निहित सर्वोत्तम शक्तियो के सर्वांगीण विकास को शिक्षा कहते है। शिक्षा किसी भी आधुनिक सभ्य उन्नत और विकसित कहे जाने वाले समाज का अनिर्वाय लक्षण है और इसके बिना प्रगति कभी भी पूर्ण और बहुआयामी नहीं हो सकती। विद्यार्थी ही राष्ट्र और समाज की उन्नति का मूल है, यदि हमें राष्ट्र को उन्नति एवं प्रगतिशील बनाना है तो समाज में सभ्य एवं सुसंस्कृत कुशल नागरिक बनाना ही ही होगा और यह कार्य शिक्षा के द्वारा पूर्ण सम्भव होता है। वर्तमान शिक्षा की सार्थकता वही तक है जिस सिमा तक मानवीय आवश्यकताओ अपेक्षाओं की पूर्ति कर सके। आज की चकाचौंध डिजिटल प्रणाली, भौतिक व पूंजीवादी सामाजिक व आर्थिक व्यवस्था में विद्यार्थी की अपेक्षाओं व आकांक्षाओ का स्तर कॉफी ऊँचा होता है और उसकी पूर्ति न हों पर विद्यार्थी कुंठा व नीरशा का शिकार हो जाता है। शिक्षा

© Eureka Journals 2018. All Rights Reserved. ISSN: 2581-4044

विद्यार्थी के व्यवहार को परिवर्तित व परिमार्जित करती है। शिक्षा के द्वारा ही विद्यार्थी को सभ्य एवं सुसंस्कृत बनाकर उसे समाज एवं राष्ट्र का एक उपयोगी नागरिक बनाया जा सकता है। शिक्षा किसी भी देश के विकास का मूल आधार होता है, इसके द्वारा न केवल कुशल मानव संशाधन का निर्माण होता है, बल्कि देश के विकास के लिए योग्य नागरिक का निर्माण भी होता है। किसी भी देश में बालक शैक्षिक विकास उसके जन्म जात गुणों एवं पर्यावरणीय दशाओ दोनों से परभावित होती है।

विद्यार्थिओं के शैक्षिक स्तर को सार्वभौमिक करने के लिए शैक्षिक उपलब्धि को सुनिश्चित किया जाय जँहा पर शैक्षिक प्रतिफल को शैक्षिक उप्लब्धि के समानार्थी मन जाता है जो की एक निश्चित कालावधि में अध्ययन व मूल्यांकन से प्राप्त आंकेत मान है परंतु एक बड़े समुदाय मे जब इस आंकिक मान का निरीक्षण किया जाया तो उसमे विभिन्नता दिखाई देती है, तब एक चिंतन योग्य प्रश्न आता है की इस आंकिक मान में ये अंतर क्यों हैं।

मापन की अवधारणा मूल्याकन की अवधारणा से थोड़ी भिन्नता रखती हैं। मापन का सीधा संबंध किसी गुण विशेषता, योग्यता, या अर्जित व्यवहार की मात्रा प्रदर्शित करने से है विद्यार्थी में अमुक गुण कितना है उसकी योग्यता कितनी है तथा उसने शैक्षिक परिस्थितियों के माध्यम से किस मात्रा मे नव कोटि का व्यवहार अर्जित किया है आदि मुद्दा शैक्षिक मापन से जुड़ा होता है।

मापन से तात्पर्य है किसी निश्चित इकाइयों में वस्तु, गुण या विशेषता के पाए जाने की मात्रा का पता लगाना। यह भौतिक वस्तु एवं मानवीय व्यवहार के विविध पक्षो या गुणो के संबद्ध मे एक ही जैसा महत्व रखते हुए भी थोड़ी भिन्नता जरूर रखता हैं।

शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक मापन भौतिक मापन की तुलना मे अधिक जटिल है।

रिचर्ड एच० लाइंक्मान के अनुसार. *"मूल्याकन एक विवरणात्मक प्रक्रिया (Discriptive Process) है जिसके तहत किसी वस्तु या गुण के सत्ता मे होने का वर्णन रूप से सम्पन होता हैं।"*

ई० एल० थार्नडाईक के अनुसार *"प्रत्येक वस्तु जो भी सत्ता रखती है, किसी ना किसी परिणाम मे सत्ता रखती है और कोई भी वस्तु जिसकी किसी परिणाम मे सत्ता है, मापन योग्य है।"*

ब्रेडफील्ड तथा मोरडोक के शब्दो मे. *"मापन किसी घटना के विभिन्न आयामो के प्रतीक आवंटित करने की प्रक्रिया है जिससे उस घटना की स्थिति का यथार्थ निर्धारन किया जा सके।"*

उपरोक्त परिभाषाओ के आधार पर हम कह सकते है कि विद्यार्थी ने किसी गुण या विशेषता को कितनी मात्रा मे अर्जित किया हैं इसका विवरण परिमाणात्मक रूप से शैक्षिक माप्न के अंतर्गत उपलब्ध कराया जाता है। यह विवरण अंको, ग्रेड, पोर्टफोलियो विवरण या अन्य कई रूपो मे दिया जा सकता है।

माप्न दो तरह का होता है परिणात्मक एवं गुणात्मक। भौतिक मापन परिणात्मक होता है जबकि मापन प्रायः गुणात्मक होता है। परिणात्मक का अर्थ ऐसी कोई वस्तु जिसकी भौतिक जगत मे सत्ता हो, जिसमे आकार, विषय–वस्तु, परिमाण आदि गुण हो जिसे देखा जा सके और जिसकी उपस्थिती या अनुपस्थिति के एहसास किया जा सके। जैसे–दूरी, लम्बाई, क्षेत्रफल, भार, आयतन आदि के मापन। गुणात्मक मापन आत्मनिष्ठ एवं अनिश्चित होता है। जैसे किसी शिक्षक द्वारा विद्यार्थी के गुणो या उसकी का मापन जो उसके मन मे विद्यमान किसी प्रतिमान या मानदंड पर निर्भर होता है। इस आधार पर

© Eureka Journals 2018. All Rights Reserved. ISSN: 2581-4044

यह विद्यार्थी को उत्तम माध्यम या निम्न कोटी मे रख सकता है।

## शिक्षा में आकलन क्या है?

1976 में ए. एफ. वार्म्स ने पहली बार वह पुस्तक प्रकाशित की थी जिसका कौतूहल जगाने वाला शीर्षक था 'विज्ञान कहलाने वाली यह चीज क्या है?' उस पुस्तक में उसने विज्ञान की प्रकृति के बारे में आधुनिक दृष्टिकोणों से पाठकों का परिचय कराने का प्रयास किया था। जैसे–जैसे उसमें वार्म्स ने वैज्ञानिक चिन्तन के विभिन्न पहलुओं, जैसे कि प्रयोग करना, किसी धारणा को मिथ्या सिद्ध करने की सम्भावना (फाल्सिफेकशन), कूह्न का प्रतिमान (पैराडाइम) तथा बेइसियन पद्धति, आदि को समझाया, तो जल्दी ही यह स्पष्ट हो गया कि "वैज्ञानिक" ज्ञान की जाँच–पड़ताल की प्रकृति की यदि कोई विशेष खूबी है तो वह उसका अत्यन्त जटिल होना है। हम अपने को भी तब काफी कुछ वैसी ही स्थिति में पाते हैं जब हम "आकलन"–जो अत्यन्त जटिल है और जिसे अक्सर एक अनोखी धारणा की तरह सीमित कर दिया जाता है–कहलाने वाली इस चीज की पर्तें खोलना शुरु करते हैं।

शिक्षा में आकलन क्या है? इसे साक्ष्यों के सावधानीपूर्वक किए गए परीक्षण के द्वारा किसी व्यक्ति या किसी शैक्षणिक कार्यक्रम के बारे में निर्णय लेने की एक प्रक्रिया के रूप में सीधे–सीधे परिभाषित किया जा सकता है। आकलनों का महत्त्व मूल्यांकन करने के औजारों की तरह है क्योंकि ये शैक्षणिक प्रक्रियाओं तथा उनके परिणामों के बारे में बुनियादी सवालों–हम कक्षाओं में क्या पढ़ा रहे हैं, विद्यार्थी सीखने की सामग्री के साथ किस तरह काम कर रहे हैं, स्कूल के परिवेश में कैसा ज्ञान दिया जा रहा है, सीखी गई बातों को विद्यार्थी किस तरह आत्मसात और उपयोग कर रहे हैं, संसार के जानकार तथा फिक्रमन्द नागरिकों के रूप में विद्यार्थी कैसे विकसित हो रहे हैं?–के उत्तर देने में मदद करते हैं। आकलन रचनात्मक मूल्यांकन, अर्थात रोजमर्रा के अध्यापन का सतत चलने वाला ऐसा हिस्सा जिसके माध्यम से शिक्षक विद्यार्थियों के साथ की जाने वाली अपनी गतिविधियों में संशोधन करते हैं, हो सकते हैं। वे योगात्मक मूल्यांकन हो सकते हैं जो वर्ष के अन्त में शिक्षक को यह जानने और मूल्यांकन करने में सहायक होते हैं कि विद्यार्थी ने क्या सीखा है। इस दृष्टि से प्रामाणिक भी हो सकते हैं कि वे इसका मूल्यांकन करने का प्रयास करते हैं कि सीखी गई बातों को विद्यार्थियों द्वारा लम्बी अवधि में किस तरह लागू किया जाता है। उस दृष्टिकोण से देखने पर आकलन शैक्षणिक प्रक्रियाओं का समग्र रूप से मूल्यांकन करने की सतत प्रक्रिया का अंग होते हैं।

आकलन के रचनात्मक, योगात्मक तथा प्रामाणिक पहलू इसकी समग्रतावादी प्रकृति तथा शिक्षा के भीतर मूल्यांकन के अवसरों की जटिलता, दोनों की ओर संकेत करते हैं। शिक्षा की विशाल औपचारिक व्यवस्थाओं और जिन संस्थानिक तथा संगठनात्मक परिवेशों के भीतर स्कूली शिक्षा घटित होती है, उनके विकास ने आकलनों को विद्यार्थियों के सीखने की एक कहीं अधिक सँकरी तथा उपकरणात्मक धारणा बना देने का काम किया है। जैसे–जैसे संसार के विभिन्न देशों ने सार्वजनिक स्कूल व्यवस्थाओं पर अधिक राशि खर्च करना प्रारम्भ किया, वैसे–वैसे उस व्यय को लेकर जवाबदेही की आवाजें भी उठाई जाने लगीं। जवाबदेही की यह आवाज 'नए सार्वजनिक प्रबन्धन' (फर्ली ऐशबर्नर, फिटजेराल्ड एण्ड पीटीग्रिउ, 1996) की धारणाओं, जो विद्यार्थियों के प्रदर्शन के लिए स्कूलों के उत्तरदायी होने की माँग करती थीं, के अन्तर्गत विशेष रूप से अधिक जोर से उठाई गई। इसके परिणामस्वरूप शिक्षा के लिए गठित बोर्डों ने मानकीकरण–मानक

© Eureka Journals 2018. All Rights Reserved. ISSN: 2581-4044

पाठ्यक्रम, मानकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, मानक पाठ्यपुस्तकें और यहाँ तक कि सीखने–सिखाने की मानक सामग्री भी– के माध्यम से स्कूली शिक्षा की प्रक्रिया को नियंत्रित करने का प्रयास किया (रोवन, 1990)। नियंत्रण की इस रणनीति की केन्द्रीय धारणा यह थी कि शिक्षा में निवेशित किए जाने वाले सभी साधनों (इनपुट्स) के मानकीकरण के माध्यम से मानकीकृत उत्पाद (आउटपुट्स) या परिणाम निकलकर सामने आएँगे–जो इस मामले में स्कूलों में विद्यार्थियों के प्रदर्शन और उनके सीखने के प्रमाण के रूप में होंगे।

इन निवेशित साधनों के मानकीकरण ने नीति निर्धारकों, शिक्षा बोर्डों तथा पाठ्यक्रमों का विकास करने वालों को स्कूली प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों पर मानकीकृत परीक्षाएँ– अलग–अलग विशिष्ट विषयों के लिए, विशिष्ट कक्षाओं या स्तरों के लिए–विकसित करने में भी सहायता की और इस तरह व्यक्तिगत तथा सामूहिक, दोनों स्तरों पर सिखाने और सीखने का मूल्यांकन कर सकना सम्भव बना दिया। उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि पाँचवीं कक्षा का कोई विद्यार्थी अपनी कक्षा के अन्य विद्यार्थियों के साथ, तथा सारे राज्य तथा सारे देश में पाँचवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों के साथ, गणित की मानकीकृत परीक्षा में बैठे। ऐसी परीक्षा से उस विषय में उसके व्यक्तिगत प्रदर्शन का मूल्यांकन न केवल कक्षा पाँच की गणित के लिए पाठ्यचर्या में तय किए गए दिशा–निर्देशों के सापेक्ष हो सकता है बल्कि, उसके प्रदर्शन का मूल्यांकन कक्षा के उसके अन्य साथियों के सापेक्ष, कक्षा पाँच की उसी परीक्षा में बैठने वाले देश भर के विद्यार्थियों के सापेक्ष और अन्तर्राष्ट्रीय रूप से अन्य देशों मे उसी कक्षा के विद्यार्थियो के सापेक्ष भी हो सकता था। इसके परिणामस्वरूप, खराब प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, खराब प्रदर्शन करने वाली कक्षाओं, खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों तथा खराब प्रदर्शन करने वाले देशों, सभी का एक साथ मूल्यांकन किया जा सकता था। इसलिए खराब प्रदर्शन करने वाली कक्षाओं के लिए शिक्षकों को जवाबदेह ठहराया जा सकता था। प्राचार्यो तथा स्कूल बोर्डों को खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों के लिए जवाबदेह ठहराया जा सकता था। जिला बोर्डों/शिक्षा विभागों को खराब प्रदर्शन करने वाले जिलों तथा राज्यों के लिए जवाबदेह ठहराया जा सकता था और अन्ततः राष्ट्रीय शैक्षणिक निकायों को खराब प्रदर्शन करने वाले राष्ट्रों के लिए जवाबदेह ठहराया जा सकता था। इस तरह, मानकीकरण तथा नियंत्रण करने की रणनीतियों को अपील स्पष्ट और तर्कसंगत थी। माना गया कि जवाबदेही के ऐसे दबावों के चलते गुणवत्तापूर्ण शिक्षा निकलकर सामने आएगी।

ऐसे उपायों का प्रभाव, निश्चित रूप से, ऐसी अपेक्षाओं के बिलकुल विपरीत पड़ा है और वह आज हमें एकदम स्पष्ट दिखाई देता है। मानकीकरण के अभियान के परिणामस्वरूप कक्षा में शिक्षक की स्वायत्तता का अभाव हो गया है और उसने शिक्षा व्यवस्था में सीखने वाले के निजी व्यक्तित्व को अदृश्य बना दिया है। साथ ही, इसकी परिणति विद्यार्थियों की सीखने की अपनी स्वाभाविक गति का अनुसरण करने की असमर्थता में तथा सन्दर्भों से कटे हुए ऐसे पाठ्यक्रम के प्रचलन में हुई है जिसका विद्यार्थियों के लिए हुए अनुभवों की पृष्ठभूमि में कोई अर्थ नहीं होता। इसका परिणाम यह भी हुआ है कि करीब–करीब एकतरफा जोर पाठ्यक्रम को पूरा करने और परीक्षाओं, जो अक्सर विशुद्ध रूप से योगात्मक आकलन होती हैं, के उद्देश्य से पढ़ाने पर हो गया है, जिसके फलस्वरूप विद्यार्थी रटकर सीखते है और निरन्तर परीक्षाओं के तनाव में रहते हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि विद्यार्थी स्कूलों में और स्कूलो से खुद को उत्तरोत्तर

© Eureka Journals 2018. All Rights Reserved. ISSN: 2581-4044

अलग–थलग महसूस करते जा रहे हैं। इसके अलावा, निजी संस्थाओं, जिनका ध्यान परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को "सिखा–पढ़ाकर तैयार करने (ट्यूटरिंग)" पर केन्द्रित रहता है, ने स्कूल के बाहर के बच्चे के मुक्त स्थान और समय को भी धीरे–धीरे समाप्त कर दिया है, जिससे वह लगभग एक ऐसा जीव बनकर रह गया है जो छोटी और बड़ी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की तलाश में एक संस्था से दूसरी संस्था तक मारा–मारा फिरता है। शिक्षा की सार्वजनिक व्यवस्था में जवाबदेही लाने के इसके बहु–प्रचारित प्रयासों के बावजूद, नियंत्रण की इस रणनीति के फलस्वरूप, उत्साह तथा अच्छे प्रशिक्षण के अभाव से ग्रस्त शिक्षकों, जीवन–सन्दर्भों से कटे पाठ्यक्रमों और गहरी उदासीनता और बोझ से दबे विद्यार्थियो वाली एक काम न करने वाली व्यवस्था से अधिक कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। तो आकलनों की धारणा में अब हम कैसे आगे बढ़ें? शायद यहाँ आकर यह नितान्त आवश्यक हो जाता है कि आकलन की अवधारणा को नए सिरे से गढ़ा जाए–शिक्षा के बारे में बुनियादी सवालों का मूल्यांकन करने की पद्धति के रूप में और उन शैक्षणिक प्रक्रियाओं का मूल्याकन करने के साधन के रूप मे जो विद्यार्थियों को अर्थपूर्ण सीखने में भाग लेने में समर्थ बनाती हैं या उसमें बाधा डालती हैं। इसे थोड़ा और समझाने का मुझे अवसर दें। किसी भी शैक्षणिक व्यवस्था के सबसे आधारभूत परिणाम–विद्यार्थियों के लिए अर्थपूर्ण सीखने में संलग्न होने का अवसर–की अनवरत जाँच–पड़ताल ही आकलनों का केन्द्रीय मुद्दा होना चाहिए। आकलनों को उन सभी प्रक्रियाओं की संरचना तथा कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करना चाहिए जो विद्यार्थियों को इस तरह से सीखने में सक्षम बनाती हैं या जो इसमें उन्हें बाधा पहुँचाती हैं। उदाहरण के लिए, स्कूल पहुँच सकने के किसी विद्यार्थी के सामर्थ्य का भी आकलन किए जाने की आवश्यकता होती है। लेकिन यहाँ पहुँच का आशय बस्ती के आसपास स्कूल का उपलब्ध होना भर नहीं है, उसे समझने के लिए आगे बढ़कर कुछ अन्य बातों की पड़ताल भी जरूरी है। पहुँच की पड़ताल में बच्चे के घरेलू जीवन का मूल्यांकन और स्कूल जाने के लिए उसको मिलने वाले अवसर तथा प्रोत्साहन, स्कूल पहुँचने के लिए यातायात के साधन की उपलब्धता, बच्चे/उसके माता–पिता की स्कूल पहुँचने के सार्वजनिक यातायात का खर्च उठाने की क्षमता, बच्चों को स्कूल भेजने की परिवार की आर्थिक क्षमता–इन सभी का मूल्यांकन करना जरूरी है।

एक बारगी जब स्कूल तक पहुँच का मूल्यांकन कर लिया जाता है, तब स्कूली शिक्षा की समुचित उपलब्धता का आकलन करने की आवश्यकता होती है। इसके आकलनों में–स्कूल के माहौल, स्कूल के भौतिक परिवेश, स्कूलों में सार्थक ढंग से सीखने के लिए निर्मित सामाजिक–भावनात्मक वातावरण, विद्यार्थियों के लिए सुगम भाषा में जीवन–सन्दर्भों की दृष्टि से प्रासंगिक और अर्थपूर्ण पाठ्यक्रम की उपलब्धता, शिक्षकों के उत्साह तथा प्रतिबद्धता के स्तरों और विद्यार्थियों के साथ अलग–अलग काम कर सकने की शिक्षकों की स्वायत्तता, अपनी स्वाभाविक गति से सीखने में भागीदार होने की विद्यार्थियों की योग्यता, समुदाय तथा माता–पिता की भागीदारी का स्तर और विद्यार्थियों को अपने सीखे हुए ज्ञान का स्कूल के बाहर उपयोग करने के अवसर उपलब्ध होना–इन सभी पहलुओं को शामिल होना चाहिए। इन कारकों का अर्थपूर्ण आकलन उन प्रक्रियाओं को जो स्कूलों में सीखने के स्वस्थ वातावरण को मजबूत बनाती हैं, और उन प्रक्रियाओं को भी जो प्रभावी ढंग से सीखने के मार्ग में बाधाओं की तरह काम करती हैं, पहचानने में मदद करता है, और इसके परिणामस्वरूप

© Eureka Journals 2018. All Rights Reserved. ISSN: 2581-4044

विद्यार्थियों का प्रामाणिक आकलन सम्भव हो पाता है, आकलन की अवधारणा में ऐसे परिवर्तन कैसे लाए जा सकते हैं? सबसे पहले, ऐसे नीतिगत उपाय किए जाना बेहद जरूरी हैं जो परीक्षाओं में सुधार लाएँ। यदि आकलन तथा शिक्षण को परीक्षाओं के लिए पढ़ाने से आगे बढ़ना है और विद्यार्थियों के सीखने का सतत मूल्यांकन किया जाना है, तो ऐसे नीतिगत उपाय आवश्यक हैं। हम इस बारे में अन्य देशों से सबक ले सकते हैं, जैसे कि नोर्डिक देशों से, जिन्होंने बरसों से कक्षा दर कक्षा विद्यार्थियों की परीक्षाएँ लेने पर रोक लगा रखी है। इसके बजाय, उन्होंने शिक्षक के पेशेवर विकास और कक्षाओं में बच्चों पर केन्द्रित शिक्षण पर तथा इन पद्धतियों के मूल्यांकन पर अपना ध्यान केन्द्रित किया है। कक्षा–आधारित परीक्षण पर संयम रखे जाने के बावजूद, फिनलैण्ड के बच्चे पीसा (पी.आई.एस.ए.) जैसी अन्तर्राष्ट्रीय परीक्षाओं मे असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन करते हैं। स्कूलों में सिखाने तथा सीखने की केन्द्रीय प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने में सहायता देने के लिए, हमारे देश में ऐसे नीतिगत उपाय सक्रिय रूप से प्रारम्भ किए जाने की आवश्यकता है जो शिक्षकों के निरन्तर चलने वाले पेशेवर विकास पर जोर देते हों। दूसरे, ऐसी संस्थाओं को सबल बनाया जाना चाहिए जो हमारे देश में स्कूलों को अकादमिक सहायता प्रदान करती हैं और इन संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण कारकों का आकलन करने में स्कूलों की सहायता करना चाहिए। तीसरे, हमें शिक्षा की अवधारणा में एक सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता है–जो रटकर सीखने तथा परीक्षाओं में प्रदर्शन से आगे बढ़कर शिक्षा को मनुष्यों की केन्द्रीय क्षमताओं को निर्मित करने की प्रक्रिया के रूप में स्वीकार करे। चौथे, हमें स्कूलों का समग्र रूप से मूल्यांकन करने के लिए उचित उपकरणों की आवश्यकता है, और ऐसे उपकरणों का विकास, परीक्षण तथा मूल्यांकन करने और देश भर में उनका क्रियान्वयन करने के लिए समुचित प्रयास किए जाने की जरूरत है।

शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए मूल्यांकन की विधियाँ आवश्यक होती हैं। परन्तु, सीखने के परिणामों का छोटी और बड़ी परीक्षाओं के माध्यम से आकलन करने की प्रक्रिया के रूप में आकलन पर एकतरफा ध्यान केन्द्रित करने के फलस्वरूप नीति निर्माताओं ने शिक्षा के समग्र उद्देश्य तथा अभिप्राय की तथा उनकी प्राप्ति को सम्भव बनाने वाली प्रक्रियाओं की उपेक्षा की है। आकलन कहलाने वाली यह चीज क्या है इसका उत्तर तभी दिया जा सकता है जब हम पहले तीन बुनियादी प्रश्न पूछेंरू आकलन किसलिए है, वह किसके लिए है तथा वह किस चीज को मापता है? यदि हम इन प्रश्नों के उत्तरों को स्पष्ट और सुसंगत रूप से शिक्षा के लक्ष्यों तथा प्रयोजनों से जोड़ने में समर्थ होते हैं, तो आकलन अर्थपूर्ण होता है। अन्यथा, वह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के आकलन के बजाय, केवल परीक्षाओं में बच्चों के प्रदर्शन का निरीक्षणात्मक नियंत्रण करने का ऐवजी उपाय भर बनकर रह जाता है। आंकलन से आप क्या समझते है ?

आंकलन लोगों से सूचना एकत्रित करने की प्रक्रिया है। एक प्रकार से आंकलन मूल्यांकन का छोटा रूप है जो प्रक्रिया के पूर्व मे पूर्वाभ्यास के रूप मे अभिव्यक्त होता है। यह पूछताछ की प्रक्रिया मे पहला पद है।

डरवीन के अनुसार:

*"आंकलन छात्रों के व्यवस्थित विकास के आधार का अनुमान है। यह किसी भी वस्तु को परिभाषित कर चयन रचना, संग्रहण, विश्लेषण, व्याख्या और सूचनाओं का उपयुक्त प्रयोग कर छात्र विकास तथा अधिगम को बढ़ाने की प्रक्रिया है।"*

© Eureka Journals 2018. All Rights Reserved. ISSN: 2581-4044

हुबा एव फ्रिड के अनुसार:

*"आंकलन सूचना संग्रहण की प्रक्रिया है जिन्हें हम विभिन्न माध्यमों से प्राप्त कर ये जानते है कि विद्यार्थी क्या जानता है, रागझता है तथा अपने शैक्षिक अनुभवों द्वारा प्राप्त ज्ञान को परिणाम के रूप मे व्यक्त कर सकता है जिसके द्वारा छात्र अधिगम मे वृद्धि होती है।"*

उपरोक्त परिभाषाओ के आधार पर यह कह सकते है कि आंकलन एक प्रकार का सावधानीपूर्वक सुविचारित राय है। आंकलन उन सभी क्रियाकलापों से संबन्धित है जो छात्र एवं शिक्षक दूसरे के आँकने में मिलता है। यह शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को रूपातरित एव प्रभावी बनाने मे हमारी सहायता करता है।

अत: हम कह सकते है कि

1. आंकलन लोगो से सूचना एकत्र करने कि प्रक्रिया है।
2. इसके द्वारा पृष्ठपोषण भी दिया जा सकता है।
3. यह पूछताछ प्रक्रिया का पहला पद है।
4. इसके द्वारा छात्र अधिगम मे सुधार तथा विकास किया जा सकता है।
5. आंकलन विचार विमर्श की प्रक्रिया है।

## आंकलन के उद्देश्य

आकलन के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित है

1. बच्चो के संदर्भ मे।
2. बच्चे क्या जानते है ?
3. बच्चो कि विशिष्ट आवश्यकताए क्या है?
4. उनका उचित स्थान निर्धारण करने मे।
5. बच्चो कि आवश्यकताओ के अनुरूप पाठ्यक्रम का चयन करने मे।
6. परिवार के संदर्भ मे माता पिता को बच्चे की प्रगति एवं अधिगम के बारे मे जानकारी प्रदान करने के लिए।
7. परिवार के संदर्भ मे घर की गतिविधियों एवं अनुभवों से संबधित स्कूल की गतिविधियाँ।
8. बच्चो के कार्यक्रम निर्धारण के संदर्भ मे बच्चो के लिए कौन से कार्यक्रम उपर्युक्त हैं कौन से नही है इस प्रोग्राम हेतु रणनीति बनाने के लिए।
9. बच्चो के कार्यक्रम निर्धारण के संदर्भ मे निर्धारित कार्यक्रम बच्चो के लिए किस सीमा तक लागकारी है यह ज्ञात करने लिए।
10. बच्चो के अध्यापन हेतु बच्चो के कौशल, योग्यता एवं आवश्यकताओ की पहचान करने में।
11. बच्चो के अध्यापन हेतु बच्चो के माता पिता को उनके विकास की स्थिति और उपलब्धि के बारे में जानकारी देने हेतु।
12. शिक्षण अधिगम सामग्री के चयन मे।
13. नयी कक्षा की व्यवस्था बनाने में।
14. अधिगम गतिविधियो को कैसे लागू कि जाय यह जानने हेतु।
15. बच्चो कि व्यक्तिगत आवश्यक्ताओं को जानने में।
16. परिस्थितियो के सन्दर्भ मे।
17. अधिगम प्रगति के आंकलन के संदर्भ में।
18. शिक्षण विधियो में सुधार हेतु।
19. गुणवतापूर्वक अधिगम प्रदान करने हेतु।
20. कक्षा वातावरण को और आनंददायक बनाने हेतु।

## छात्र–केन्द्रित आंकलन के मौलिक तत्त्व

1. आंकलन के मापन का चयन का विकास इसके अंतर्गत एक अध्यापक अपने छात्रो के आकडो का चयन और उसके मापन की प्रवृत्ति को शामिल करते हैं की ये उपयुक्त है की नहीं. इसके अंतर्गत योजना, पेपर वर्क्स प्रदर्शनी जीवन वृत्त इत्यादी शामिल होते हैं इसमें कभी कभी विद्यार्थिओं से ही पूछताछ की प्रक्रिया कर ये जानने का प्रयास किया जाता हैं कि उनका स्वपरिणाम कितना आया हैं।

© Eureka Journals 2018. All Rights Reserved. ISSN: 2581-4044

2. वाद विवाद और आकलन का परिणाम के अंतर्गत परिणाम के आधार पर यह विचार विमर्श किया जाता हैं व्यक्तिगत रूप से कितना व्यक्ति का विकास व्यक्तिगत रूप से हो सकता हैं।
3. अधिगम परिणामो के विवरण का सूत्रीकरण: इसमें वे तथ्य आते हैं जो बताते हैं की छात्र को क्या जानना चाहिये।
4. परिणामो हेतु अनुभवी नेतृत्व का निर्माण के सन्दर्भ में इसके अंतर्गत वे सभी अनुभव शामिल हैं जो उससे वातावरण तथा दोनों अनुभव से प्राप्त होते हैं।

## आंकलन का व्यवहारवादी उपागम

आंकलन के व्यवहारवादी उपागम के अंतर्गत एक शिक्षक कक्षागत परिस्थितियों मे अधिगमकर्ता के व्यवहार का निरीक्षण कर्ता है और निरीक्षण के त्दोपरांत उस व्यवहार को विश्लेषित भी करता है। इसमे प्रेक्षणकर्ता इस निश्कर्षों पर पहुचने का प्रयास करता है कि किसी खास व्यवहार के उदीप्त होने के कारण क्या दृ क्या है और उसका परिणाम क्या होगा। व्यवहारवादी आंकलन मे हम यह भी प्रेक्षण करते है कि अधिगमकर्ता अथवा सीखनेवाला किस तरह से अपने पर्यावरण के तत्वो को नियंत्रित करता है और किस प्रकार अपने अंतरू संबन्धो को बनाए रखने मे समर्थ हो जाता है।

## व्यवहारवादी आंकलन दो तरह के होता है

### क्रियात्मक आंकलन

इसमे इस संदर्भों का पता लगाते है कि या लगाने प्रयास करते है कि अधिगमकर्ता के व्यवहार को नियंत्रित करने व्यवहार मे सुधार करने तथा उसके बनाये रखने मे कौन दृ कौन से कारण प्रभावी है प्रभावी रूप से अपनी भूमिका निभा सकते है।

## वातावरणीय वयवहार का आंकलन

इस प्रकार के आंकलन मे हम इस बात का पता लगाते है कि (पहचानने का प्रयास करते है कि) बच्चे का अपने वातावरण के साथ किस प्रकार का अंतरू सम्बंध है। अधिगम के व्यवहारवादी आंकलन के अंतर्गत ही समवयस्क समूह आंकलन भी आता है।

## आकलन का संज्ञानवादी उपागम

व्यक्ति या बालक के व्यक्तित्व में इतनी विलक्षणता होती है कि सिर्फ व्यवहार के आवलोकन से ही उसके बारे मे सही दृसही आंकलन करना संभव नहीं हो पाता है। संज्ञानात्मक उपागम एक तरह कि तकनीकी है जिसकी सहायता से व्यक्ति के मस्तिष्क की विभिन्न योग्यताओं जैसे तर्कशक्ति, चिन्तनशक्ति, समस्या समाधान क्षमता आदि के द्वारा ज्ञान भाषावी कौशल, संज्ञानात्मक समताए एवं संज्ञानात्मक निर्योग्यात्मक आदि के बारे मे भी अनुमान लगाते है। इस आकलन के द्वारा प्राप्तांकों या प्रदर्शनो के माध्यम से हम अधिगमकर्ता के उपलब्धिओ को जानते है।

संज्ञानात्मक क्षमताओ को बढ़ाने का प्रयास भी किया जाता है। संज्ञानात्मक योग्यताए भी किसी न किसी व्यवहार के रूप मे प्रगट होती है अतरू किसी भी व्यक्ति का मूल्यांकन करने से पूर्व उसके संज्ञानात्मक वयवहार को आंकना नितांत ही आवश्यक है। इस तरह के वयवहार को आँकने के लिए स्मृति पर आधारित क्रियाकलाप जैस–पुनः स्मरण, प्रत्यावर्तन, विश्लेषण आदि पर आधारित परीक्षणों का प्रयोग करते है। संज्ञानात्मक अधिगम के सिद्धांतो मे पियाजे, ब्रूनर, बायोगासकी, इरिक्सन आदि का प्रमुख योगदान है।

© Eureka Journals 2018. All Rights Reserved. ISSN: 2581-4044

## आकलन का संरचनावादी उपागम

